साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा

साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा,
रहे हमेशा हम भक्तो के सिर पे हाथ तुमहरा,
साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा,

स्वार्थ के संसार में कितना मुझे सताया,
शरण तुम्हारी जो पड़ा तुमने गले लगाया,
उतर गया प्यासे जीवन में बन के जीवन धारा,
साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा...

माझी के बिन नैया चलती दम पे तेरे,
बिन बोले तू साईं हरता दुखड़े मेरे,
बीच भवर में अटके नैया तो देता तू ही किनारा,
साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा....

साईं तेरे चरणों में हर पल रहे ठिकाना,
भूल अगर हो जाये बाबा उसे भुलाना,
तेरी किरपा बनी रहे गी ये विश्वाश हमारा,
साईं तुम्हारे नाम से गुजारा हमारा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6063/title/sai-tumhare-naam-se-gujara-hamara-rahe-hamesha-hum-bhakto-ke-ser-pe-hath-tumahra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |